SHRI NARAYANAN E. P.

Shri Narayanan E. P., is a versatile personality in the field of Theyyam ritual art form.

2. Born on 13th October, 1956 in Kannur District, Kerala, in a family where members perform Theyyam, a traditional folklore art form in north Kerala, Shri Narayana started his Theyyam sadhana at the age of 4. He learned the basic lessons of Theyyam in his childhood from his father. Later, he also learned about Theyyam from two other masters. He was forced to discontinue his school studies in High School due to his passion in learning Theyyam.

3. Shri Narayanan mastered the required skills at a very young age and mentors the progenitors of the art of Theyyam performance. He has been performing the same Theyyam for the past 15 years effortlessly. He also performed other Theyyams like Kathivannur Veeran, that require expertise in martial arts like Kalari and the performance that would last for 18 hours after an hour of Kalarippayattu and the ritual dance, more than 300 times as of today. The Puthiva Bagavathy Theyyam, which starts at around 5 AM, with Thottam paattu (Theyyam folk song that is usually sung in order to invoke the respective Moorthy) and a dance that involves lighting up of fire around the body of the Theyyam form, has been performed by him over a period of 13 to 14 hours at a stretch. For the past 40 years, he has performed more than 400 of it.

4. The other Theyyam that follows performance duration of more than 15 hours is Muchilott Bhagavathy and he has been donning the same for the past 35 years and above. At Keezhattoor Vechyott kaavu (temple) he performed Bali Theyyam for 50 years without any sort of break.

5. As a Theyyam Kanaladi (the dedicated performing artist) Shri Narayanan has been encouraging the next generation to pursue the ritual art form of Theyyam. He also teaches Thottam Paattu to his disciples. He prepares the ornaments and the required decorations for adding the charm to the performance. As a matter of fact, he has mastered the skills required to create the same.

6. Shri Narayanan is a State level award winner and has attained a nationwide recognition for his dedication, sincerity, attitude and enthusiasm.

श्री नारायणन ई. पी.

श्री नारायणन ई. पी., थेय्यम पारंपरिक कला क्षेत्र के एक बहुमुखी व्यक्तित्व हैं।

2. 13 अक्टूबर, 1956 को श्री नारायणन का जन्म केरल के कन्नूर जिले के उस परिवार में हुआ जहां सभी सदस्य उत्तरी केरल की एक पारंपरिक लोकगीत कला थेय्यम का प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने 4 वर्ष की आयु में अपनी थेय्यम साधना शुरू की। उन्होंने थेय्यम की बुनियादी शिक्षा बचपन में अपने पिता से सीखी। बाद में, उन्होंने दो अन्य गुरुओं से भी थेय्यम की शिक्षा ग्रहण की। थेय्यम सीखने के प्रति अपने जुनून के कारण उन्हें अपनी हाई स्कूल की पढ़ाई छोड़नी पड़ी।

3. श्री नारायणन ने बहुत कम आयु में आवश्यक कौशल में महारत हासिल की और थेय्यम प्रदर्शन कला के पूर्वजों का मार्गदर्शन प्राप्त किया। वह पिछले 15 वर्षों से उसी थेय्यम का सहज प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कथिवन्नुर वीरन जैसे अन्य थेय्यम भी प्रस्तुत किए, जिनके लिए कलारी जैसी मार्शल आर्ट में विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। यह प्रदर्शन एक घंटे कलारीपयट्टु और आनुष्ठानिक नृत्य के बाद 18 घंटे तक चलता है और आज तक 300 से अधिक बार किया गया है। उनके द्वारा पुथिवा बागावथी थेय्यम, जो थोट्टम पाट्टू (थेय्यम लोक गीत जो आमतौर पर संबंधित मूर्ति का आह्वान करने के लिए गाया जाता है) के साथ सुबह लगभग 5 बजे शुरू होता है, और एक ऐसा नृत्य जिसमें थेय्यम रूपाकार के शरीर के चारों ओर आग जलाई जाती है का प्रदर्शन लगातार 13 से 14 घंटे तक किया जाता रहा है। पिछले 40 वर्षों में उन्होंने 400 से अधिक प्रदर्शन किए हैं।

4. थेय्यम मुचिलॉट भगवती 15 घंटे से अधिक की प्रदर्शन अवधि वाला अन्य थेय्यम है और वह पिछले 35 वर्षों से अधिक समय से इसे प्रदर्शित कर रहे हैं। कीझट्टूर वेच्योट कावु (मंदिर) में उन्होंने 50 वर्षों तक बिना किसी अवकाश के बाली थेय्यम का प्रदर्शन किया।

5. एक थेय्यम कनलाडी (समर्पित प्रदर्शन कलाकार) के रूप में श्री नारायणन अगली पीढ़ी को थेय्यम के पारंपरिक कला रूप को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते रहे हैं। वह अपने शिष्यों को थोट्टम पाट्टू भी सिखाते हैं। वह प्रदर्शन को और आकर्षक बनाने के लिए आभूषण और आवश्यक सजावट तैयार करते हैं। वास्तव में, उन्होंने इसे बनाने में निपुणता हासिल कर ली है।

6. श्री नारायणन एक राज्य स्तरीय पुरस्कार विजेता हैं और उन्होंने अपने समर्पण, निष्ठा, अभिरुचि और उत्साह के लिए देशव्यापी पहचान हासिल की है।